भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 29**
21.07.2025 को उत्तर के लिए

**हाथियों की गणना का पहला चरण**

**29. श्री यूसुफ पठान :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर राज्यों में समन्वित हाथी गणना का चरण-I पूरा हो गया है;
(ख) यदि हां, तो इसके विस्तृत निष्कर्ष क्या हैं;
(ग) क्या अन्य क्षेत्रों में ऐसी गणना के चरण-II के लिए कोई समय-सीमा प्रस्तावित की गई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (घ) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भारतीय वन्यजीव संस्थान और राज्य वन विभागों के सहयोग से वर्ष 2022-23 में "अखिल भारतीय समन्वित हाथी आकलन" शुरू किया है। सभी क्षेत्रों से आंकड़े एकत्रित करने का कार्य पूरा कर लिया गया है और ऐसी सभी आकलन रिपोर्टों को पूरा करने के बाद सार्वजनिक किया जाता है।

*****